**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2366**
**सोमवार, 18 दिसंबर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के द्वारा लक्ष्य को प्राप्त करना**

**2366. श्री विनायक भाऊराव राऊत:**
**श्री संजय जाधव:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के तहत निर्धारित लक्ष्य और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय- सीमा और उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कई नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच एबीआरवाई के बारे में जागरूकता की कमी है और वे इसमें शामिल जटिलताओं के कारण इसके लाभों से वंचित हैं और यदि हां, तो इन मुद्दों के समाधान के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने पात्रता शर्तों को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए एबीआरवाई में संशोधन करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं या उठाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के तहत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त योजना की शुरुआत से लेकर अब तक इसके तहत कितने व्यक्तियों को लाभ हुआ है; और

(च) उक्त योजना के तहत पंजीकृत नए कर्मचारियों की संख्या और विवरण और कार्यान्वयन का राज्य-वार विशेष रूप से महाराष्ट्र का जिला-वार विवरण क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (च): आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), नए रोजगारों के सृजन तथा कोविड-19 महामारी के दौरान समाप्त हुए रोजगारों के पुनः स्थापन हेतु नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 से प्रारंभ की गई थी। लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2022 थी। इस योजना के तहत दिनांक 31 मार्च, 2022 तक पंजीकृत लाभार्थियों को पंजीकरण की तारीख से 2 साल तक लाभ मिलता रहेगा। इस योजना का उद्देश्य कुल 71.80 लाख सदस्यों को लाभान्वित करना था और इस योजना के तहत पंजीकरण की अंतिम तिथि तक कुल पंजीकरण 75.11 लाख है।

एबीआरवाई के तहत पंजीकृत प्रत्येक प्रतिष्ठान/नए कर्मचारी जो पात्रता मानदंडों को पूरा कर रहे थे, उन्हें इस योजना के तहत लाभान्वित किया गया। दिनांक 11.12.2023 तक, 1.52 लाख प्रतिष्ठानों के माध्यम से 60.49 लाख लाभार्थियों को 10,050.26 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

इसके साथ-साथ, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

I. एबीआरवाई के तहत पंजीकृत नहीं होने वाले नियोक्ताओं को ईपीएफओ के नियोक्ता पोर्टल पर संदेशों के माध्यम से सूचित किया गया था।
II. ईपीएफओ के क्षेत्रीय और क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से नियोक्ताओं/नियोक्ता संघों के साथ वेबिनार आयोजित किए गए।
III. सोशल मीडिया आउटरीच के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना।
IV. उन प्रतिष्ठानों को शिक्षित/प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रयास किये गए जिन्होंने पहले आवश्यक मानदंडों को पूरा किया है, लेकिन वे एबीआरवाई के तहत पंजीकृत नहीं हैं।
V. एबीआरवाई के तहत नियोक्ताओं को एसएमएस द्वारा पंजीकरण की अंतिम तिथि बताना और उन्हें पंजीकरण के लिए प्रेरित करना।
VI. वेबसाइट पर सृजनात्मकता के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना।

इस योजना के तहत पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में है और महाराष्ट्र राज्य में पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या का जिला-वार विवरण **अनुबंध- II** में है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा के दिनांक 18.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2366 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के तहत पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या का राज्य-वार विवरण**

| **राज्य** | **पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या** |
|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 565 |
| आंध्र प्रदेश | 2,03,178 |
| अरुणाचल प्रदेश | 558 |
| असम | 28,141 |
| बिहार | 42,781 |
| चंडीगढ़ | 79,609 |
| छत्तीसगढ़ | 1,04,467 |
| दिल्ली | 3,04,592 |
| गोवा | 28,421 |
| गुजरात | 8,11,380 |
| हरियाणा | 5,43,607 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,00,374 |
| जम्मू और कश्मीर | 22,369 |
| झारखंड | 77,578 |
| कर्नाटक | 6,13,442 |
| केरल | 1,08,898 |
| लद्दाख | 255 |
| मध्य प्रदेश | 2,52,004 |
| महाराष्ट्र | 12,25,654 |
| मणिपुर | 2,335 |
| मेघालय | 1,567 |
| मिजोरम | 402 |
| नागालैंड | 299 |
| ओडिशा | 1,10,417 |
| पंजाब | 1,98,046 |
| राजस्थान | 3,92,512 |
| सिक्किम | 4,824 |
| तमिलनाडु | 10,11,565 |
| तेलंगाना | 3,70,143 |
| त्रिपुरा | 5,580 |
| उत्तर प्रदेश | 5,25,258 |
| उत्तराखंड | 1,30,469 |
| पश्चिम बंगाल | 2,88,355 |
| **अखिल भारत** | **75,89,645** |

स्रोतः ईपीएफओ, एमओएलई

**लोक सभा के दिनांक 18.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2366 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**महाराष्ट्र राज्य में आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के तहत पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या का जिला-वार विवरण**

| राज्य | जिला | पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | यवतमाल | 2302 |
| महाराष्ट्र | वाशिम | 514 |
| महाराष्ट्र | वर्धा | 2930 |
| महाराष्ट्र | ठाणे | 236699 |
| महाराष्ट्र | सोलापुर | 17333 |
| महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 986 |
| महाराष्ट्र | सतारा | 14948 |
| महाराष्ट्र | सांगली | 6283 |
| महाराष्ट्र | रत्नागिरि | 3360 |
| महाराष्ट्र | राजगढ़ | 102 |
| महाराष्ट्र | रायगढ़ | 26190 |
| महाराष्ट्र | पुणे | 326609 |
| महाराष्ट्र | परभनी | 891 |
| महाराष्ट्र | पालघर | 17265 |
| महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | 1023 |
| महाराष्ट्र | नासिक | 54007 |
| महाराष्ट्र | नंदुरबार | 166 |
| महाराष्ट्र | नांदेड़ | 1959 |
| महाराष्ट्र | नागपुर | 45164 |
| महाराष्ट्र | मुंबई शहर | 156426 |
| महाराष्ट्र | मुंबई (उपनगरीय) | 173443 |
| महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | 2 |
| महाराष्ट्र | लातूर | 2967 |
| महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 35469 |
| महाराष्ट्र | जलना | 5344 |
| महाराष्ट्र | जलगांव | 5304 |
| महाराष्ट्र | हिंगोली | 411 |
| महाराष्ट्र | गोंदिया | 1197 |
| महाराष्ट्र | गडचिरोली | 172 |
| महाराष्ट्र | धुले | 1921 |
| महाराष्ट्र | चेन्नई | 8 |
| महाराष्ट्र | चंद्रपुर | 4776 |
| महाराष्ट्र | बुलढाणा | 1231 |
| महाराष्ट्र | बोड | 1642 |
| महाराष्ट्र | भंडारा | 904 |
| महाराष्ट्र | बेंगलुरु शहरी | 11 |
| महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 57287 |
| महाराष्ट्र | अमरावती | 5246 |
| महाराष्ट्र | अकोला | 1273 |
| महाराष्ट्र | अहमदनगर | 11889 |

स्रोतः ईपीएफओ, एमओएलई